मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-58
16/02/2022

झारखण्ड जदयू के प्रदेश महासचिव अरविंद राय के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 16 फरवरी 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने झारखण्ड जदयू के प्रदेश महासचिव अरविंद राय के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व0 अरविंद राय युवा अवस्था से ही जदयू से जुड़े थे। वे उत्तर प्रदेश के बलिया के रहने वाले थे लेकिन उनका कर्मक्षेत्र झारखण्ड रहा। उनके निधन से राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने स्व0 अरविंद राय की आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******